रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 386] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 5, 2018/अग्रहायण 14, 1940
No. 386] NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 5, 2018/AGRAHAYANA 14, 1940

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर, 2018

सं. एसडी-17/113/2017-ईएंडपीडब्ल्यू.—दिनांक 10 अक्तूबर, 2018 को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद को निम्नलिखित रूप में अधिसूचित किया जाता है:

(क) पैराग्राफ 2 के तहत गठित राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद में मौजूदा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद और राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी सम्मिलित होंगे।

(ख) राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद को अवार्डिंग निकायों, आकलन एजेंसियों, कौशल सूचना प्रदाताओं और प्रशिक्षण निकायों को मान्यता प्रदान करने और उनकी निगरानी करने के लिए विकास गुणवत्तात्मक सुधार और व्यावसायिक शिक्षा का विनियमन करने तथा इस संकल्प में उल्लिखित अन्य आकस्मिक कार्यों को करने का कार्य सौंपा गया है।

अध्याय I

प्रारंभिक

1. परिभाषाएं:- इस संकल्प के परियोजन के लिए जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(i) "प्रत्यायन" से ऐसी प्रक्रिया अभिप्रेत है, जिसके द्वारा कोई अवार्डिंग निकाय प्रशिक्षण निकाय को मान्यता प्रदान करता है।

(ii) "संबद्धता" से वह प्रक्रिया अभिप्रेत है, जिसके द्वारा कोई अवार्डिंग निकाय किसी प्रशिक्षण निकाय को अपने द्वारा प्रमाणित किसी विशिष्ट कार्यक्रम को चलाने की अनुमति प्रदान करता है।

(iii) "समझौता" से ऐसा समझौता अभिप्रेत है, जो परिषद और अवार्डिंग निकाय, आकलन एजेंसियों अथवा कौशल संबंधी सूचना प्रदाताओं के बीच किया गया हो और जिसके अनुसरण में उन्हें इस संकल्प के पैराग्राफ 20 में यथा उल्लिखित मान्यता प्रदान की गई हो।

(iv) "आवेदक" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जो इस संकल्प के पैराग्राफ 25 के तहत परिषद के साथ मान्यता के लिए आवेदन करता है।

(v) "आकलनकर्ता एजेंसी" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जो जांच अथवा परीक्षा आयोजित करके किसी प्रशिक्षार्थी का आकलन करता है कि क्या वह कौशल अथवा अर्हता संबंधी योग्य ठहराए जाने हेतु प्रमाणित किए जाने के लिए आवश्यक शर्तें पूरी करता है।

(vi) "अवार्डिंग निकाय" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जो कौशल अथवा अर्हता के संबंध में प्रमाण पत्र देता है अथवा प्रमाण पत्र देने का प्रस्ताव करता है।

(vii) "परिषद" से राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद अभिप्रेत है, जिसका गठन इस संकल्प के पैराग्राफ 2 के तहत गठित किया गया हो और शिक्षुता अधिनियम, 1961 (1961 का 52) के खंड 2 उपखंड (l) में यथा परिभाषित राष्ट्रीय परिषद के सभी संदर्भों के रूप में माना गया हो।

(viii) "अध्यक्ष" से परिषद का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(ix) "कार्यपालक सदस्य" से परिषद का कार्यपालक सदस्य अभिप्रेत है;

(x) "निरीक्षण" से समझौते के नियमों और शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए किसी मान्यता प्राप्त निकाय अथवा प्रशिक्षण निकाय अथवा किसी कौशल विश्वविद्यालय की परीक्षा अभिप्रेत है, जिसके अनुसरण में मान्यता प्रदान की गई है अथवा की जा सकती है और इसमें किसी कार्यालय अथवा परिसर (प्रशिक्षण निकायों सहित) अथवा इस प्रयोजनार्थ डाटाबेस के प्रलेखों, नमूनों, रिकार्डों सहित किसी सूचना का संग्रह भी शामिल है।

(xi) "सदस्य" से परिषद के कार्यपालक सदस्य, गैर कार्यपालक सदस्य, नामित सदस्य अभिप्रेत है और इसमें अध्यक्ष शामिल हैं;

(xii) "गैर कार्यपालक सदस्य" से परिषद का गैर कार्यपालक सदस्य अभिप्रेत है;

(xiii) "अधिसूचना" से सरकारी राज्य पत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है और इसमें तदनुसार "अधिसूचित" अभिव्यक्ति शामिल हैं;

(xiv) "व्यक्ति" में निम्नलिखित समाहित हैं:

(क) कोई व्यक्ति

(ख) हिंदू अविभाजित परिवार

(ग) कोई कंपनी

(घ) कोई न्यास

(ङ) कोई भागीदारी फर्म

(च) कोई सीमित दायित्व भागीदारी कंपनी

(छ) कोई पंजीकृत सोसायटी

(ज) व्यक्तियों का कोई संघ अथवा व्यक्तियों का कोई निकाय, चाहे वह उसमें शामिल है अथवा नहीं

(झ) अनुच्छेद (क) से (ज) में उल्लिखित किसी व्यक्ति द्वारा नियंत्रित अथवा उसके स्वामित्त्व की कोई एजेंसी, शाखा अथवा कार्यालय

(xv) "अर्हता" अथवा "कौशल" से वह अर्हता और कौशल अभिप्रेत है, जिसके संबंध में परिषद ने अर्हता पैकेज अनुमोदित किया हो;

(xvi) "मान्यता प्राप्त आकलन एजेंसी" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जो पैराग्राफ 25 के उप पैराग्राफ (6) के अनुसार परिषद की मान्यता प्रदान करने के लिए एक पक्ष हो और जिसे मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय द्वारा किसी प्रशिक्षार्थी की योग्यता के लिए अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रमाणित करने हेतु आकलन करने के लिए जांच अथवा परीक्षण लेने के लिए अनुमति प्रदान की गई हो;

(xvii) "मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसने पैराग्राफ 25 के उप पैराग्राफ (6) के अनुसार परिषद की मान्यता प्रदान करने के लिए समझौता किया हो और जिसे प्रत्यायन करने वाले प्रशिक्षण निकायों द्वारा अर्हता अथवा कौशल के लिए प्रमाणन प्रदान करने और उनकी संहिता को विनियमित करने की अनुमति प्रदान की गई हो;

(xviii) "मान्यता प्राप्त कौशल संबंधी सूचना प्रदाता" से कौशल संबंधी सूचना प्रदाता अभिप्रेत है, जो मान्यता प्राप्त निकायों से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने, प्रशिक्षण निकायों और उनके उपभोक्ताओं, उनके कार्य निष्पादन और गुणवत्ता को मान्यता के लिए किए गए समझौते के अनुसार सार्वजनिक रूप से सुगम्य इलैक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर मान्यता देने के लिए सहमत हो;

(xix) "मान्यता प्राप्त निकाय" में मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय, मान्यता प्राप्त आकलन एजेंसी अथवा मान्यता प्राप्त कौशल संबंधी सूचना प्रदाता, जैसा भी मामला हो, शामिल हैं;

(xx) "प्रशिक्षार्थी" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी मान्यता प्राप्त निकाय से प्रशिक्षण प्राप्त करने के प्रयोजन से किसी प्रत्यायित प्रशिक्षण निकाय में नामांकित हो;

(xxi) "प्रशिक्षण निकाय" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो अर्हता और कौशलों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान करने के संबंध में किसी मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय के साथ प्रत्यायित हो;

(xxii) "पूर्व शिक्षण मान्यता" से पूर्व शिक्षण अनुभव अथवा कौशलों वाले व्यक्ति का आकलन और प्रमाणन करना अभिप्रेत है;

(xxiii) "कौशल विश्वविद्यालय" से ऐसा विश्वविद्यालय अथवा संस्थान अभिप्रेत है, जो केंद्र, राज्य अथवा प्रांतीय स्थिति के अंतर्गत स्थापित अथवा शामिल हो और उन्नत व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने या विकसित करने के लिए तथा कौशल शिक्षा और प्रशिक्षण में अनुसंधान तथा विकास करने के लिए परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हो;

(xxiv) "व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण" से परिषद द्वारा प्रमाणित अल्पावधि और दीर्घावधि दोनों प्रकार के शिक्षुता प्रशिक्षण और पूर्व शिक्षण मान्यता जैसे सभी कौशल विकास कार्यक्रम अभिप्रेत हैं लेकिन वे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद अधिनियम, 1987 (1987 का 52), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3), अथवा तत समय लागू अन्य किसी विधि के अंतर्गत न आते हों;

अध्याय ।।

राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद की स्थापना

2. परिषद का गठन- (1) इस संकल्प के परियोजन के लिए एक परिषद की स्थापना की जाए, जिसे राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद कहा जाएगा।

(2) इस परिषद में न्यूनतम 6 सदस्य और अधिकतम 10 सदस्य होंगे, जो इस प्रकार हैं, नामत:-

(क) केंद्र सरकार द्वार नियुक्त एक अध्यक्ष;

(ख) दो या दो से अधिक व्यक्ति- केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त कार्यपालक सदस्य;

(ग) दो या दो से अधिक व्यक्ति- केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त गैर-कार्यपालक सदस्य;

(घ) केंद्र सरकार द्वारा नामित एक व्यक्ति;

(3) कार्यपालक सदस्यों की संख्या परिषद की संख्या के आधे से अधिक नहीं होगी ।

(4) परिषद का मुख्यालय ऐसे स्थान पर होगा, जो केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा ।

3. अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के रूप में नियुक्ति के लिए अर्हताएं- (1) परिषद के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति ऐसी क्षमता, अखंडता और स्थायित्व वाले व्यक्तियों में से की जाएगी, जिन्हें व्यवसाय प्रबंधन, मानव संसाधन विकास, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, लोक प्रशासन अथवा संबंधित क्षेत्रों में कम से कम 15 वर्षों का व्यावसायिक अनुभव और विशेष ज्ञान हो:

बशर्ते कि वह व्यक्ति सरकारी सेवा में हो या सेवा में रहा हो उसे

(क) अध्यक्ष के रूप में तब तक नामित नहीं किया जाएगा जब तक कि वह भारत सरकार के सचिव/अपर सचिव के पद पर हो या केंद सरकार अथवा राज्य सरकार में समकक्ष पद पर हो; या

(ख) कार्यपालक सदस्य के रूप में नामित नहीं किया जाएगा यदि वह व्यक्ति भारत सरकार के अपर सचिव के पद पर हो या भारत सरकार के संयुक्त सचिव के पद पर हो या केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार में समकक्ष पद पर हो;

(2) ऐसे व्यक्ति को सदस्य के रूप में नियुक्त करने अथवा नामित करने के लिए आयोग्य माना जाएगा यदि वह-

(क) किसी अवार्डिंग निकाय, आकलन एजेंसी, व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान का कार्यपालक, निदेशक अथवा कर्मचारी हो या परिषद द्वारा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से विनियमित कोई अन्य व्यक्ति हो;

(ख) जो योग्य अथवा उचित व्यक्ति न हो;

(ग) किसी न्यायालय का सेवारत न्यायाधीश या किसी सांविधिक न्यायाधिकरण का कार्यरत सदस्य हो;

(घ) जो भारत के संविधान के भाग viii के अंतर्गत संसद, विधान परिषद, विधानसभा का सदस्य हो, पंचायत या किसी नगरपालिका का सदस्य हो;

(ङ) जो परिषद के सदस्य के रूप में 10 वर्षों की सेवा कर चुका हो;

(च) परिषद के अध्यक्ष के रूप में सेवा कर चुका हो; या

(छ) जो 62 वर्ष या उससे अधिक की आयु का हो;

स्पष्टीकरण- इस पैराग्राफ के परियोजन के लिए "योग्य और उचित व्यक्ति" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो-

(i) वित्तीय रूप से निष्ठावान हो;

(ii) प्रतिष्ठावान और चरित्रवान हो और

(iii) नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए सजायाफ्ता न हो।

4. नियुक्ति का तरीका- (1) केंद्र सरकार द्वारा नामित सदस्य के अलावा परिषद के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश सरकार द्वारा की जाएगी। चयन समिति में निम्नलिखित होंगे-

(क) मंत्रिमंडल सचिव- अध्यक्ष

(ख) सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय- सदस्य

(ग) सचिव, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग- सदस्य

(घ) दो स्वतंत्र विशेषज्ञ- सदस्य

(2) उप पैराग्राफ (1) में संदर्भित स्वतंत्र विशेषज्ञों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा लोक प्रशासन, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण, मानव संसाधन प्रबंधन, अर्थशास्त्र या व्यापार प्रबंधन क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से की जाएगी।

(3) चयन समिति नामित सदस्य के अलावा अध्यक्ष और परिषद के सदस्यों का चयन करने के प्रयोजन से केंद सरकार द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने हेतु प्रत्येक रिक्ति के लिए दो से तीन व्यक्तियों की सिफारिश करेगी।

(4) केंद्र सरकार चयन समिति द्वारा सिफारिश किए गए पैनल में से परिषद के सदस्यों की नियुक्ति करेगी।

(5) चयन समिति अपनी सिफारिश देने के लिए अपनी कार्यविधि निर्धारित करेगी।

5. सदस्यों की सेवा शर्तें और कार्य- (1) नामित सदस्यों के अलावा अन्य सदस्य 5 वर्षों की अवधि के लिए अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक पद पर रहेंगे।

(2) सदस्यों की नियुक्ति की शर्तें और अन्य सेवा शर्तें केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएंगी।

(3) सदस्यों की नियुक्ति निर्धारित करते समय केंद्र सरकार निम्नलिखित अपेक्षाओं पर विचार करेगी-

(क) परिषद की स्वतंत्रता; और

(ख) परिषद की अपेक्षित प्रतिभा और विशेषज्ञता

(4) सदस्य की नियुक्ति की शर्तें नियुक्ति के पश्चात उन्हें अलाभकारी होने से अलग नहीं रखेंगी।

6. कार्यपालक सदस्य- (1) कार्यपालक सदस्य परिषद का पूर्णकालिक सदस्य होगा।

(2) परिषद किसी कार्यपालक सदस्य को ऐसा अवैतनिक कार्य करने की लिखित अनुमति दे सकती है, जिससे कार्यपालक सदस्य के रूप में उसके कार्य में व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना न हो।

7. त्याग पत्र- (1) कोई सदस्य केंद्र सरकार को अपने हस्ताक्षर से युक्त लिखित सूचना देकर किसी भी समय अपने पद से त्याग पत्र दे सकता है:

बशर्ते कि उस सदस्य को केंद्र सरकार द्वारा उसे अपना पदभार शीघ्र त्यागने, सूचना प्राप्त होने की तारीख से 3 माह के समाप्त होने तक या उसके उत्तराधिकारी के रूप में किसी व्यक्ति की नियुक्ति होने तक, पद पर बने रहने, जो भी पहले हों की अनुमति न दे दें।

(2) यदि केंद्र सरकार उप पैराग्राफ (1) में उल्लिखित 3 माह की समाप्ति से पूर्व किसी व्यक्ति की नियुक्ति करती है तो परिषद पद छोड़ने वाले सदस्य को 3 माह की शेष अवधि के वेतन का भुगतान करेगी।

8. सदस्यों को पद से हटाना- (1) केंद्र सरकार लिखित शिकायत प्राप्त होने पर किसी सदस्य को अपने पद से आदेश द्वारा हटा सकती है, यदि सदस्य को-

(i) दिवालिया होने का पता चला हो;

(ii) ऐसे अपराध के लिए सजा मिली हो, जो केंद्र सरकार की दृष्टि में चरित्र हनन का मामला बनता हो;

(iii) सेवा शर्तों के उल्लंघन स्वरूप नियुक्ति की अवधि के दौरान किसी रोजगार में हो;

(iv) वित्तीय या अन्य ऐसे हित अर्जित किए हों, जिनसे सदस्य का कार्यकरण प्रभावित होने की संभावना हो;

(v) किसी प्रत्यक्ष या परोक्ष धन-संबंधी हित को पर्याप्त रूप से उद्घाटित करने में विफल रहा हो;

(vi) चयन समिति को गलत दस्तावेज प्रस्तुत किए हों;

(vii) परिषद के उद्देश्यों को प्रभावित करने में पद का दुरुपयोग किया हो;

(viii) कार्यों को करने में शारीरिक रूप से अक्षम हो गया हो; या

(ix) मानसिक रूप से अस्वस्थ्य घोषित किया गया हो;

जबकि यदि किसी सदस्य को ऊपर वर्णित किसी आधार पर हटाने का प्रस्ताव किया गया हो, तो उस सदस्य को उसके विरुद्ध लगाए गए आरोपों की सूचना दी जाएगी और उन आरोपों के संबंध में सुनवाई किए जाने का अवसर दिया जाएगा।

(2) उप पैराग्राफ (1) के तहत शिकायत प्राप्त होने पर केंद्र सरकार शिकायत की जांच करने के लिए एक जांच समिति का गठन करेगी।

9. आकस्मिक रिक्तियां- केंद्र सरकार परिषद की किसी रिक्ति को भरेगी-

(क) यदि आकस्मिक रिक्ति से परिषद की जनशक्ति न्यूनतम जनशक्ति से कम हो जाए, तो रिक्ति होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर, और

(ख) अन्य सभी मामलों में रिक्ति होने की तारीख से 180 दिनों के भीतर।

10. परिषदों की बैठकें- (1) परिषद की बैठक ऐसे समय और स्थान पर होंगी तथा अपनी बैठकों (बैठकों में गणपूर्ति सहित) में कार्य संव्यवहार से संबंधित प्रक्रिया के नियमों को अपनाएगी, जो इसके द्वारा बनाए गए उपविधियों में दिए गए हैं।

(2) अध्यक्ष अथवा अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य कार्यपालक सदस्य किसी कारण वश बैठक में भाग लेने में असमर्थ है और दोनों की अनुपस्थिति में सदस्यों द्वारा चुने गए किसी अन्य सदस्य द्वारा बैठक की अध्यक्षता की जाएगी।

(3) परिषद की किसी बैठक के समक्ष आने वाले सभी प्रश्नों का निर्णय उपस्थित सदस्यों के मतों की अधिकता द्वारा लिया जाएगा और मत समान होने पर अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा।

(4) परिषद प्रत्येक बैठक के सभी अभिलेखों का रख-रखाव और प्रकाशन करने के लिए उत्तरदायी परिषद के किसी अधिकारी को पद नामित करेगी।

(5) परिषद द्वारा अभिलेखों का प्रकाशन केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किए गए के अनुसार किया जाएगा।

(6) परिषद अपनी उपविधियों में अभिलेखों की ऐसी श्रेणियां निर्धारित करेगी, जिन्हें देरी होने के पश्चात प्रकाशित किया जा सकता हो और इन उपविधियों में वह समय सीमा दी गई होगी जिसमें ऐसे अभिलेखों को प्रकाशित किया जाएगा।

स्पष्टीकरण- इस पैराग्राफ में "अभिलेख" से बैठक की कार्य सूची, प्रस्ताव और लिए गए निर्णय अभिप्रेत हैं और इसमें प्रत्येक सदस्य का मत शामिल है।

11. सदस्यों का आचरण- (1) यदि किसी सदस्य का किसी मामले में कोई ऐसा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष हित है, जिस पर परिषद की बैठक में विचार-विमर्श किए जाने की संभावना हो तो जहां तक संभव हो वह सदस्य अपने संज्ञान में संबंधित परिस्थिति आने के पश्चात परिषद को अपने हित की प्रकृति का खुलासा करेगा।

(2) ऐसे सदस्य द्वारा व्यक्त की गई किसी बात को परिषद की उस बैठक की कार्यवाही में दर्ज किया जाएगा, जिस बैठक में इस मामलें पर विचार-विमर्श किया गया है और उस सदस्य को उस मामलों के संबंध में परिषद के निर्णय अथवा किसी विचार-विमर्श से अलग रखा जाएगा।

12. अप्रभावित कार्यवाही की वैधता- परिषद की कोई कार्यवाही या कार्य केवल निम्नलिखित कारणों से अवैध नहीं होगा-

(1) परिषद के गठन में कोई रिक्ति या कमी;

(2) किसी व्यक्ति की सदस्य के रूप में नियुक्ति में कोई कमी; या

(3) परिषद की उपविधियों का कोई उल्लंघन जिससे निर्णय के गुणदोष पर प्रभाव न पड़ता हो।

13. परिषद द्वारा प्रत्यायोजन- (1) परिषद अध्यक्ष या किसी अन्य सदस्य या परिषद के किसी कर्मचारी को कार्यों का प्रत्यायोजन करने के लिए किसी ऐसी शर्त के अधीन उपविधियां बनाने की शक्ति होगी, जिसका उपविधियों में प्रावधान हो।

(2) जब तक कि संकल्प में अन्यथा प्रावधान न किया जाए तब तक परिषद का मुख्य कार्यकारी अधिकारी अध्यक्ष होगा जिसे परिषद के सभी प्रशासनिक मामलो के संबंध में सामान्य निर्देश देने और नियंत्रण रखने की शक्तियां होंगी।

14. परिषद के कर्मचारी- (1) परिषद ऐसे कर्मचारियों की नियुक्ति कर सकता है जो इसके कार्यकरण के प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक हों।

(2) परिषद को नियुक्ति की चयन प्रक्रिया, शर्तों, क्षतिपूर्ति और निबंधनों तथा इस खंड के अंतर्गत नियुक्त व्यक्तियों के सेवा संबंधी नियम बनाने की शक्ति होगी।

15. व्यवसाय जिनका परिषद संचालन नहीं कर सकता- (1) इस संकल्प अथवा वर्तमान में लागू किसी अन्य विधि के अंतर्गत इसके उद्देश्यों के अनुसरण के अलावा, परिषद निम्नलिखित कार्य नहीं करेगी:-

(क) किसी बैंक या किसी अन्य व्यक्ति की किसी हिस्सेदारी सहित किसी पूंजी का क्रय अथवा ऐसी पूंजी या हिस्सेदारी पर ऋण देना अथवा

(ख) अचल संपत्ति या ऐसी अचल संपत्ति से संबंधित विलेख दस्तावेजों को रहन रखने या अन्यथा द्विपक्षीय समझौते पर अग्रिम राशि देना या अचल संपत्ति का स्वामी बनना।

(2) उप पैराग्राफ (1) के खंड (ख) के प्रावधान परिषद को इसके कारोबार या इसके उपयोग के लिए आवासी परिषरों हेतु आवश्यक संपत्ति अधिग्रहण करने या स्वामित्व से वंचित नहीं करेंगे।

अध्याय- III

परिषद के कार्य और शक्तियां

16. परिषद द्वारा किए जाने वाले कार्य- (1) परिषद:-

(क) अवार्डिंग निकायों को मान्यता देगी, निगरानी करेगी और मान्यता समाप्त करेगी;

(ख) आकलन एजेंसियों को मान्यता देगी, निगरानी करेगी और मान्यता समाप्त करेगी;

(ग) कौशल संबंधी सूचना प्रदाताओं को मान्यता देगी, निगरानी करेगी और मान्यता समाप्त करेगी;

(घ) कौशल विश्वविद्यालयों को उन्नत व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए तथा कौशल शिक्षा और प्रशिक्षण में अनुसंधान और विकास करने के लिए एक अलग निकाय की श्रेणी के रूप में मान्यता प्रदान करेगी;

(ङ) मान्यता प्राप्त निकायों के खिलाफ शिकायतों के समाधान के लिए एक प्रणाली विकसित करेगी और उसकी निगरानी करेगी;

(च) अर्हता पैकेजों के अनुमोदन के लिए दिशा-निर्देश तैयार करेगी और अर्हता पैकेजों को उन दिशा-निर्देशों में दिए गए तरीके से अनुमोदित करेगी;

(छ) प्रशिक्षण निकायों, ऐसी सेवाओं के उपभोक्ताओं और आकलन एजेंसियों और ऐसी स्थितियों के उल्लंघन के लिए परिणामों के संबंध में अवार्डिंग निकायों की भूमिका और उत्तरदायित्वों सहित उनकी मान्यता और कार्यकरण की शर्तों के लिए दिशा-निर्देश तैयार करेगी;

(ज) अवार्डिंग निकायों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण और प्रमाणन संबंधी दिशा-निर्देश तैयार करेगी;

(झ) प्रशिक्षण निकायों, ऐसी सेवाओं के उपभोक्ताओं और अवार्डिंग निकायों और ऐसी स्थितियों के उल्लंघन के लिए परिणामों के संबंध में आकलन एजेंसियों की भूमिका और उत्तरदायित्वों सहित उनकी मान्यता और कार्यकरण की शर्तों के लिए दिशा-निर्देश तैयार करेगी;

(ञ) प्रशिक्षण निकायों, ऐसी सेवाओं के उपभोक्ताओं और अवार्डिंग निकायों और ऐसी स्थितियों के उल्लंघन के लिए परिणामों के संबंध में कौशल संबंधी सूचना प्रदाताओं की भूमिका और उत्तरदायित्वों सहित उनकी मान्यता और कार्यकरण की शर्तों के लिए दिशा-निर्देश तैयार करेगी;

(ट) कौशल विश्वविद्यालयों के रूप में मान्यता प्रदान करने के लिए प्रारंभिक न्यूनतम मानक या मानदंड निर्धारित करने के लिए सरकार के परामर्श से बोर्ड के दिशा-निर्देश तैयार करेगी;

(ठ) मान्यता प्राप्त निकायों द्वारा ऐसी सेवाओं के उपभोक्ताओं पर लगाए गए शुल्क और प्रभारों के तरीके के लिए, यदि आवश्यक हो तो दिशा-निर्देश तैयार करेगी, जिन्हें मान्यता प्राप्त निकायों द्वारा वसूल किए गए शुल्क और प्रभारों को पर्याप्त रूप से प्रदर्शित और निर्धारित किया जाना चाहिए;

(ड) मान्यता की शर्तों को लागू करने के लिए अवार्डिंग निकायों, आकलन एजेंसियों तथा कौशल संबंधी सूचना प्रदाताओं के साथ समझौते करेगी और परिषद द्वारा तैयार किए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में उनका कार्यकरण सुनिश्चित करेगी;

(ढ) मान्यता प्रदान करने वाले समझौते के अनुसरण में अवार्डिंग निकायों, आकलन एजेंसियों, प्रशिक्षण निकायों के संबंध में सूचना और उनकी गतिविधियों का प्रसार करेगी;

(ण) मान्यता प्राप्त निकायों द्वारा प्रशिक्षार्थियों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करेगी और मान्यता प्रदान करने वाले समझौतों के अनुसार जानकारी देने के उचित तरीके तैयार करेगी;

(त) मान्यता प्राप्त निकायों की वाणिज्यक संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश और उपविधियां तैयार करेगी;

(थ) मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकायों, आकलन एजेंसियों और प्रशिक्षण निकायों को परिषद द्वारा तैयार किए गए दिशा-निर्देशों में निर्धारित तरीके से परिषद का लोगो और नाम का उपयोग करने के लिए अनुमति प्रदान करेगी;

(द) परिषद की भूमिका और गतिविधियों और उसके नाम तथा लोगो का उपयोग करने से संबंधित जानकारी का प्रसार करेगी;

(ध) मान्यता प्राप्त निकायों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करेगी और उनके कार्यकलापों की नियमित लेखा परीक्षा तथा निरीक्षण करेगी ताकि यह सुनिश्चित हो कि ऐसे व्यक्ति परिषद द्वारा लागू की गई मान्यता की शर्तों और सामान्य कार्यकरण का अनुपालन किया जा रहा है; और

(न) ऐसे सभी उपाय करेगी, जो इस संकल्प द्वारा सौंपे गए या आरोपित किसी कार्य को करने की शक्तियों का उपयोग करते हुए आवश्यक या सुविधाजनक हो।

(2) परिषद मान्यता प्राप्त निकायों के साथ किए जाने वाले समझौतो में अवार्डिंग निकायों की मान्यता की शर्तों के रूप में प्रशिक्षण निकायों के लिए अधिकार और बाध्यताओं की शर्त रख सकती है।

(3) परिषद किसी कौशल विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता प्रदान करते हुए उसे इस संकल्प के प्रावधानों की शर्त पर मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय, प्रशिक्षण निकाय और/या किसी मान्यता प्राप्त आकलन एजेंसी के रूप में समान कार्य करने की अनुमति प्रदान कर सकती है।

17. हितों के टकराव को विनियमित करने की शक्तियां- (1) परिषद हितों के टकराव के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार कर सकती है, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे-

(क) ऐसे टकराव जिनसे बचना चाहिए और वह तरीका जिससे मान्यता प्राप्त निकायों को ऐसे टकराव से बचना चाहिए;

(ख) ऐसे टकराव जिनका समाधान किया जाना है और वह तरीका जिससे मान्यता प्राप्त निकाय ऐसे टकरावों से बच सकें; और

(ग) ऐसे टकरावों से कैसे बचा जा सकता है या उनका समाधान कैसे किया जा सकता है, के संबंध में जानकारी सहित परिषद को हितों के टकराव की सूचना देने के लिए मान्यता प्राप्त निकायों की बाध्यताएं।

(2) प्रशिक्षण निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त आकलन एजेंसी या मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय की किसी गतिविधि के कारण उत्पन्न हुए या मौजूदा हितों के टकराव को रोकने या उनका समाधान करने के लिए परिषद दिशा-निर्देश तैयार करेगी।

18. अवार्डिंग और आकलन कार्यों के लिए दोहरी मान्यता प्रदान करने की शक्ति- (1) आकलन करने के लिए किसी भी अवार्डिंग निकाय को मान्यता प्रदान नहीं की जाएगी और किसी आकलन निकाय को अल्पकालिक प्रशिक्षण के संबंध में अवार्डिंग निकाय के रूप में तब तक मान्यता प्रदान नहीं की जाएगी जब तक कि उप पैराग्राफ के (2) में उल्लिखित अपेक्षाएं पूरी न कर ली जाएं।

(2) इस पैराग्राफ के अंतर्गत अल्पकालिक प्रशिक्षण के लिए दोहरी मान्यता हेतु दिशा-निर्देशों में निम्नलिखित अपेक्षित होंगे:-

(क) दो मान्यता प्राप्त निकायों के कार्य करने वाले ऐसे व्यक्तियों के कारण उत्पन्न हुए संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए मान्यता के लिए अतिरिक्त अपेक्षाएं;

(ख) अर्हताओं के लिए प्रमाण पत्र प्रदान करने के कार्यों और अर्हताओं या कौशलों के आकलन के लिए कार्मिक, प्रणाली और प्रबंधकीय नियंत्रण अलग-अलग होना;

(ग) मान्यता की शर्त के रूप में ऐसी वित्तीय अपेक्षाएं आरोपित करना जिन्हें उपयुक्त समझा जाए;

(घ) सत्यनिष्ठा का सुस्थापित पूर्व रिकॉर्ड और अभूतपूर्व बाजार साख।

(3) उप पैराग्राफ (1) के अंतर्गत प्रदान की गई किसी प्रकार की मान्यता अधिकतम 3 वर्षों की अवधि के लिए वैध होगी, जिसके पश्चात् उस निकाय को नया आवेदन पत्र प्रस्तुत करके अपनी पात्रता दर्शानी होगी।

(4) दीर्घावधि प्रशिक्षण के लिए परिषद उस व्यक्ति को दो मान्यता प्राप्त निकायों के कार्यों को करने के लिए मान्यता प्रदान कर सकता है, अर्थात:-

(क) अर्हताओं या कौशलों के लिए प्रमाण पत्र प्रदान करना; और

(ख) अर्हताओं या कौशलों का आकलन

(5) इस पैराग्राफ के अंतर्गत दीर्घावधि प्रशिक्षण के लिए मान्यता प्रदान करने हेतु दिशा-निर्देशों के लिए निम्नलिखित अपेक्षित होंगे-

(क) दो मान्यता प्राप्त निकायों के कार्यों को करने वाले व्यक्तियों के कारण उत्पन्न होने वाले संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए मान्यता के लिए अतिरिक्त अपेक्षाएं; और

(ख) सत्यनिष्ठा का सुस्थापित पिछला रिकॉर्ड और आपवादिक बाजार साख।

स्पष्टीकरण- संदेहों को दूर करने के लिए "दीर्घावधि कौशलीकरण" से एक वर्ष और उससे अधिक समय के लिए चलाया गया कोई व्यावसायिक प्रशिक्षण अभिप्रेत है।

19. दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए परिषद की शक्तियां- (1) पैराग्राफ 16 के तहत सौंपे गए कार्यों का निस्तारण करने के लिए परिषद को दिशा-निर्देश तैयार करने की शक्तियां होंगी।

(2) परिषद भूतलक्षी प्रकृति के दिशा-निर्देशों को तैयार नहीं करेगी।

(3) परिषद दिशा-निर्देश तैयार करने से पहले निम्नलिखित सुनिश्चित करेगी:-

(क) दिशा-निर्देशों का प्रारूप तैयार कर लिया गया है;

(ख) दिशा-निर्देशों का प्रारूप पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध करा दिया गया है और जनता को अपनी टिप्पणियां देने के लिए न्यूनतम 21 दिनों का समय दिया गया है। इसके साथ-साथ इस दिशा-निर्देश का उद्देश्य क्या है और उल्लिखित उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए इस दिशा-निर्देश का संक्षिप्त तंत्र क्या होगा तथा दिशा-निर्देश के प्रारूप में प्रस्तावित अपेक्षाओं की लागत और लाभ क्या हैं, भी दर्शाये गए हैं;

(ग) 21 दिनों की अवधि के दौरान दिशा-निर्देश के प्रारूप पर प्राप्त हुई टिप्पणियों और उस अवधि की समाप्ति के पश्चात् सामान्य प्रतिक्रिया तैयार की जाएगी; और

(घ) प्राप्त हुई टिप्पणियों पर दिशा-निर्देशों के प्रारूप, परिषद के कर्मचारियों की कोई प्रतिक्रिया हो और दिशा-निर्देशों के प्रारूप में प्रस्तावित यदि कोई परिवर्तन हो, तो उसके संबंध में विचार किया जाएगा;

(4) परिषद परिवर्तनों या परिवर्तनों के बिना उचित विचार किए जाने के पश्चात् दिशा-निर्देशों के प्रारूप को अनुमोदित कर सकती हैं अथवा दिशा-निर्देशों को पूरी तरह से अस्वीकार कर सकती है।

(5) परिषद अपने द्वारा अनुमोदित किए गए सभी दिशा-निर्देशों को अधिसूचित करेगी।

(6) परिषद उप पैराग्राफ (3) में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए उक्त के संबंध में केंद्र सरकार से परामर्श करने के पश्चात् अवार्डिंग निकाय, आकलन एजेंसी और कौशल संबंधी जानकारी प्रदाताओं की मान्यता के लिए उसके द्वारा वसूल की जाने वाली फीस के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करेगी।

20. मान्यता प्राप्त निकायों के साथ समझौते करने के लिए परिषद की शक्तियां- (1) परिषद इसके द्वारा तैयार किए गए दिशा-निर्देशों में निर्धारित तरीके से अवार्डिंग निकायों, आकलन एजेंसियों और कौशल संबंधी जानकारी प्रदाताओं, को उनके साथ समझौते करके मान्यता प्रदान कर सकती है।

(2) परिषद उस समझौते में एक से अधिक अर्हता या कौशल के संबंध में अवार्डिंग निकाय या आकलन एजेंसी को मान्यता प्रदान कर सकती है।

(3) एक बार समझौता होने के पश्चात् उस समझौते में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा इस पैराग्राफ के तहत तैयार किए गए दिशा-निर्देशों में संशोधन करने के अलावा कोई अन्य परिवर्तन नहीं करेगा।

(4) परिषद सभी समझौतों को समझौते होने के तत्काल बाद प्रकाशित करेगी।

21. परिषद के नाम और लोगो के दुरुपयोग के लिए विधिक कार्यवाही करने के लिए परिषद की शक्तियां- (1) परिषद किसी भी व्यक्ति को समझौता किए बिना, जिसके अनुसरण में उस व्यक्ति को मान्यता प्रदान की गई है, मान्यता प्राप्त निकाय के रूप में स्वयं को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देगी।

(2) यदि परिषद यह पाती है कि एक या एक से अधिक व्यक्ति गलत तरीके से स्वयं को परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं तो परिषद तत्काल ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध निम्नलिखित के लिए विधिक कार्यवाही कर सकती है।

(क) ऐसे गलत प्रतिनिधित्व के कारण परिषद, मान्यता प्राप्त निकायों या सेवाओं के उपभोक्ताओं को यदि कोई हानि हुई है तो मौद्रिक क्षतिपूर्ति; और

(ख) परिषद के नाम और लोगो का दुरुपयोग रोकने या निवारण करने या नकली प्रतिनिधित्व की रोकथाम करने के लिए कोई अन्य उपलब्ध उपचारात्मक उपाय।

22. शिकायत निवारण की शक्ति- (1) पैराग्राफ 16 के उप पैराग्राफ (1) के खंड (ड.) में संदर्भित शिकायतों का निवारण करने के इसके कार्यों का निर्वाह करने में परिषद के लिए निम्नलिखित अपेक्षित होगा:-

(क) मौद्रिक क्षतिपूर्ति के भुगतान सहित अपने विभिन्न प्रभावित व्यक्तियों की शिकायतों का निवारण करने के लिए मान्यता प्राप्त निकाय; और

(ख) मान्यता प्राप्त निकायों या प्रशिक्षण निकायों के आचरण से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतों के लिए प्रभावित व्यक्तियों को राहत।

(2) परिषद शिकायत निवारण के लिए मान्यता प्राप्त निकायों की बाध्यता का उल्लेख करते हुए शिकायत निवारण की प्रणाली के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करेगी।

23. समझौते का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई करने की शक्ति- (1) परिषद उस समझौते जिसके अनुसरण में मान्यता प्रदान की गई है, का उल्लंघन करने पर निदेश जारी कर सकती है और यथोचित कार्रवाई कर सकती है।

(2) परिषद उप पैराग्राफ (1) में संदर्भित उन परिस्थितियों के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करेगी जिनमें अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, की जाने वाली कार्रवाई, समझौते के उल्लंघन के लिए केंद्र सरकार के परामर्श से अर्थदंड की अधिकतम सीमा के संबंध में निर्देश जारी किए जा सकते हैं।

(3) पैराग्राफ 25 के उप पैराग्राफ (6) में संदर्भित मान्यता प्रदान करने वाले समझौते में इस पैराग्राफ के तहत तैयार किए गए दिशा-निर्देशों संबंधी अनुपालन अपेक्षित होगा।

(4) पैराग्राफ 28 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुपालन द्वारा सभी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।

(5) पैराग्राफ 21 के उप पैराग्राफ (2) के खंड (क) के तहत वसूल की गई किसी आर्थिक क्षतिपूर्ति सहित वसूल किए गए सभी अर्थदंडों को जहां तक व्यावहारिय हो यथा शीघ्र भारत की समेकित निधि में जमा कराया जाएगा।

(6) परिषद पैराग्राफ 24 में संदर्भित कोई कार्रवाई भी कर सकती है।

24. मान्यता प्रदान करने वाले समझौते को भंग करने के लिए कार्रवाई- परिषद मान्यता प्रदान करने वाले समझौते की शर्तों का उल्लंघन करने पर मान्यता प्राप्त निकायों के विरुद्ध निम्नलिखित में से एक या अधिक कार्रवाई कर सकती है, नामत:-

(1) निजी चेतावनी;

(2) सार्वजनिक चेतावनी;

(3) कतिपय गतिविधियों को समाप्त करने और रोकने के लिए निर्देश;

(4) प्रशिक्षार्थियों या सेवाओं के उपभोक्ता के लिए विशिष्ट निष्पादन हेतु अपेक्षित मौद्रिक क्षतिपूर्ति या निर्देश;

(5) अर्थदंड आरोपित करना; और

(6) मान्यता प्राप्त निकाय की मान्यता समाप्त करना जिससे वह समझौता समाप्त हो जाता है जिसके अनुसरण में मान्यता प्रदान की गई थी।

स्पष्टीकरण- संदेहों को दूर करने के लिए-

(i) "निजी चेतावनी" का अर्थ है परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त निकाय को जारी की गई सूचना, जिसके अंतर्गत अनुपालन न करने अथवा भंग करने की स्थिति से उत्पन्न किसी परिस्थिति से संबंधित सूचना सहित निकाय को अनुपालन न करने के बारे में या मान्यता की किसी शर्त को भंग करने के बारे में केवल उस मान्यता प्राप्त निकाय को सूचित किया गया हो, प्रकाशित न किया गया हो और परिषद द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को सूचित न किया गया हो।

(ii) "सार्वजनिक चेतावनी" का अर्थ है मान्यता प्राप्त निकाय को जारी की गई सूचना, जिसके अंतर्गत निकाय को अनुपालन न करने या मान्यता की किसी शर्त को भंग करने के बारे में सूचित किया गया हो, जिसमें ऐसे अनुपालन न करने या भंग करने के कारण उत्पन्न किसी परिस्थिति से संबंधित सूचना शामिल है और जिसे दिशा-निर्देशों अथवा उपविधियों के अनुसार परिषद द्वारा प्रकाशित किया गया हो।

25. मान्यता और अन्य अनुमोदन प्रदान करना – (1) परिषद किसी आवेदक को मान्यता प्रदान करेगी यदि-

(क) ऐसा व्यक्ति मान्यता प्राप्त निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन करता है;

(ख) आवेदक उप-पैराग्राफ (2) के अंतर्गत तैयार किए गए दिशा-निर्देशों में उल्लिखित अपेक्षाओं को पूरा करता है; और

(ग) आवेदक उप-पैराग्राफ (2) के अंतर्गत तैयार किए गए दिशा-निर्देशों में उल्लिखित पात्रता की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

(2) उप-पैरा (1) में वर्णित दिशा-निर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित प्रावधान होंगे-

(क) मान्यता प्राप्त निकायों के साथ किए जाने वाले समझौतों का प्रपत्र;

(ख) आवेदन पत्रों को प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और पावती;

(ग) पात्रता की अपेक्षाएं;

(घ) आवेदक द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सूचना;

(ङ) आवेदन पत्रों को अनुमोदित अथवा अस्वीकृत करने के निर्णय के औचित्य दर्शाने वाली सूचना; और

(च) उन आवेदको के अधिकार जिनके आवेदन अस्वीकार किए गए हैं।

(3) परिषद को कोई आवश्यक सूचना मांगने और मान्यता की शर्तों के संबंध में आवेदक की पात्रता निर्धारित करने के परियोजन से निरीक्षण करने का अधिकार होगा।

(4) यदि परिषद किसी आवेदक को मान्यता प्रदान करती है तो वह आवेदक के साथ इससे संबंधित एक समझौता करेगी।

(5) मान्यता-

(क) परिषद द्वारा निर्धारित की गई तारीख से प्रभावी होगी; और

(ख) मान्यता प्रदान करने वाले समझौते के अनुसरण में मान्यता प्राप्त निकाय और सभी दिशा-निर्देशों, जो समझौते का भाग है, के अध्यधीन है।

(6) मान्यता प्रदान करने वाले सभी समझौतो में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित भी शामिल होंगे:-

(क) मान्यता प्रदान किए जा रहे व्यक्ति का नाम;

(ख) परिषद द्वारा प्रदान की जा रही मान्यता की अवधि;

(ग) मान्यता प्राप्त निकाय द्वारा उपलब्ध कराई गई पात्रता संबंधी जानकारी और अभ्यावेदन;

(घ) अर्हता जिसके संबंध में मान्यता प्राप्त निकाय को परिषद का नाम और लोगो प्रयोग करने की अनुमति दी गई है;

(ङ) संबंधित दिशा-निर्देशों में निर्धारित मानकों के रख-रखाव और उन्हें लागू करने के संबंध में मान्यता प्राप्त निकायों की निरंतर जिम्मेदारियां।

(च) संबंधित दिशा-निर्देशों में निर्धारित अपेक्षाओं के अनुसार किसी प्रत्यायित संस्थान या एजेंट का आवधिक निरीक्षण और लेखा परीक्षा करने के लिए मान्यता प्राप्त निकाय की सतत जिम्मेदारियां।

(छ) संबंधित दिशा-निर्देशों में निर्धारित अपेक्षाओं के अनुसार मान्यता प्राप्त निकाय के विरुद्ध शिकायतों के निवारण के लिए मान्यता प्राप्त निकाय की सतत जिम्मेदारियां।

(ज) संबंधित दिशा-निर्देशों में निर्धारित किए गए के अनुसार परिषद जिन प्रक्रियाओं द्वारा मान्यता प्राप्त निकाय के साथ सूचना का आदान प्रदान करेगी उनमें दैनिक पत्राचार, जानकारी के लिए अनुरोध, समझौते के उल्लंघन की सूचना, निदेश जारी करना और अर्थदंड लगाना शामिल है।

(7) मान्यता प्रदान करने वाले समझौतो में निर्धारित सभी अपेक्षाएं इस संकल्प और इसके अंतर्गत बनाए गए दिशा-निर्देशों की शर्त पर होंगे।

(8) परिषद किसी अन्य अनुमोदन को प्रदान करने की प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश तैयार करेगा जो इस संकल्प के अंतर्गत उसके कार्यों का निस्तारण करने के लिए अपेक्षित होंगे।

26. मान्यता वापस करने की प्रक्रिया – (1) मान्यता प्राप्त निकाय परिषद को यह नोटिस दे सकते हैं कि वह मान्यता समाप्त करने के इच्छुक हैं।

(2) मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय या मान्यता प्राप्त आकलन एजेंसी एक अथवा अधिक अर्हता या कौशल के संबंध में मान्यता वापस करने के संबंध में नोटिस दे सकेंगी।

(3) मान्यता वापस करने के नोटिस की विषय-वस्तु और नोटिस भेजने का तरीका परिषद द्वारा तैयार किए जाने वाले दिशा-निर्देशों में निर्धारित किए जाएंगे।

(4) इस पैराग्राफ के तहत मान्यता प्राप्त निकाय से प्राप्त नोटिस पर विचार करने के लिए परिषद मान्यता प्राप्त निकाय के उपभोक्ताओं पर प्रभाव डाले बिना विचार करेगी।

(5) परिषद मान्यता प्राप्त निकाय को मान्यता वापस करने के अनुरोध को स्वीकार करने, मान्यता वापस करने की प्रभावी तारीख से पहले उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए मान्यता प्राप्त निकाय द्वारा की जाने वाली कार्रवाई और मान्यता प्राप्त निकाय के साथ मान्यता प्रदान करने के लिए किए गए समझौते को समाप्त करने की तारीख और उस व्यक्ति की किस तारीख से मान्यता प्राप्त निकाय की मान्यता समाप्त होगी से संबंधित आदेश जारी करेगी।

27. नोटिस जारी करने की प्रक्रिया – (1) कारण बताओ नोटिस सहित कोई भी नोटिस उस समझौते की शर्तों के अनुसार जारी किया जाएगा, जिसके अनुसरण में उस नोटिस को प्राप्त करने वाले को मान्यता प्रदान की गई है।

(2) परिषद नोटिस जारी करने के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करेगी और ऐसे दिशा-निर्देश मान्यता प्रदान करने वाले समझौते का भाग होंगे।

(3) परिषद द्वारा जारी किए जाने वाले सभी नोटिस -

(क) लिखित में होने चाहिए

(ख) मान्यता प्रदान करने वाले समझौते का उल्लंघन करने पर मान्यता प्राप्त निकाय की कार्रवाई का उल्लेख होना चाहिए

(ग) परिषद द्वारा प्रस्तावित किसी कार्रवाई का उल्लेख होना चाहिए

(घ) प्रस्तावित कार्रवाई के परिणामों का विवरण होना चाहिए

(ङ) कारण बताओ नोटिस के समर्थन में मौजूद कागजातों को उल्लेख होना चाहिए

(च) वह समय सीमा दी जानी चाहिए जिसके अंदर नोटिस का जवाब देना आवश्यक है; और

(छ) नोटिस का उत्तर देने का तरीका, मांगा गया उत्तर व्यक्तिगत रूप से दिया जाना है या लिखित अभ्यावेदन के जरिए दिया जाना है या दोनों तरीकों से दिया जाना है का उल्लेख करते हुए बताया जाना चाहिए।

(4) परिषद सभी नोटिसों की विषय-वस्तु को तब तक गोपनीय रखेगा जब तक कि नोटिस का संतोषजनक तरीके से समाधान न हो जाए।

28. आदेश जारी करने की प्रक्रिया - (1) परिषद उस समझौते की शर्तों के अनुसार आदेश जारी करेगी, जिसके अनुसरण में उस नोटिस के प्राप्तकर्ता को मान्यता प्रदान की गई है।

(2) परिषद आदेश जारी करने के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करेगी और ऐसे दिशा-निर्देश मान्यता प्रदान करने के समझौते का भाग होंगे।

(3) परिषद निम्नलिखित के संबंध में आदेश जारी कर सकती है:-

(क) मान्यता प्राप्त निकायों को ऐसी एक या अधिक गतिविधियों को रोकने या समाप्त करने के लिए जिनसे मान्यता के समझौते का उल्लंघन होता हो।

(ख) मान्यता प्राप्त निकायों को उनके संबंधित एजेंटों, कर्मचारियों या प्रत्यायित संस्थानों से ऐसी एक या अधिक गतिविधियों को रोकने या समाप्त करने हेतु कहने के लिए जिनसे मान्यता के समझौते का उल्लंघन होता हो।

(ग) मान्यता प्राप्त निकायों को शिकायत निवारण संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार अपने संबंधित उपभोक्ताओं को समाधान प्रदान करने के लिए।

(घ) पैराग्राफ 24 में सूचीबद्ध कार्रवाई करने के लिए।

(4) यदि परिषद प्रशिक्षार्थियों या उन सेवाओं के उपभोक्ताओं पर मौद्रिक अर्थदंड या क्षतिपूर्ति का भुगतान आरोपित करने का प्रस्ताव करती है तो उसे अर्थदंड या क्षतिपूर्ति की मात्रा निर्धारित करते समय निम्नलिखित घटकों पर विचार किया जाएगा, नामत:-

(क) उल्लंघन के कारण प्रशिक्षार्थियों को हुई हानि (वित्तीय या अन्य हानि सहित)

(ख) उल्लंघन के कारण अन्य विनियमित निकायों को हुई हानि

(ग) प्रशिक्षार्थियों और विनियमित निकायों को होने वाली संभावित हानि

(घ) क्या उल्लंघन बार-बार किए जाने वाली प्रकृति का है

(ङ) विनियमित बाजार की साख पर समग्र प्रभाव

(5) परिषद द्वारा जारी किए जाने वाले सभी आदेश -

(क) लिखित में होने चाहिए

(ख) आदेश के कारणों का उल्लेख किया जाना चाहिए

(ग) आदेश तैयार करने में इस्तेमाल की जाने वाली विश्वसनीय विषय-वस्तु का उल्लेख किया जाना चाहिए

(घ) आदेश की समीक्षा करने के लिए मान्यता प्राप्त निकाय को अधिकार होना चाहिए

(6) सभी आदेशों पर परिषद के उस सदस्य के हस्ताक्षर होने चाहिए जिसे ऐसा कार्य करने के लिए परिषद द्वारा पदनामित किया गया है।

(7) परिषद मान्यता प्राप्त निकायों को दिए गए निजी चेतावनी के आदेशों को छोड़कर सभी आदेशों को प्रकाशित करेगा।

29. निरीक्षण और लेखा परीक्षा करने की प्रक्रिया - (1) परिषद उस समझौते का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए मान्यता प्राप्त निकाय का निरीक्षण करेगी, जिसके अनुसरण में मान्यता दी गई है।

(2) परिषद निरीक्षण करने की प्रक्रिया, मान्यता प्राप्त निकाय को निरीक्षण के संबंध में भेजे जाने वाले पत्राचार और सूचना, निरीक्षण रिपोर्ट का प्रपत्र और मान्यता प्राप्त निकाय द्वारा की जाने वाली सुधारात्मक कार्रवाई के अपेक्षित तरीके के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करेगी।

(3) इस पैराग्राफ के तहत तैयार किए गए दिशा-निर्देश उस समझौते का भाग होंगे जिसके अनुसरण में मान्यता प्रदान की गई है।

(4) दिशा-निर्देशों में निम्नलिखित से संबंधित ब्यौरा होगा -

(क) मान्यता प्राप्त निकायों के निरीक्षण की सूचना

(ख) जिस पद्धति से निरीक्षण किया जाएगा वह पद्धति और निरीक्षक तथा मान्यता प्राप्त निकाय के अधिकार और बाध्यताएं

(ग) वह तरीका जिससे निरीक्षण के निष्कर्षों को मान्यता प्रापत निकाय के साथ सांझा किया जाएगा; और

(घ) ऐसे उपाय जो मान्यता प्राप्त निकाय द्वारा निरीक्षण में सहयोग देने के लिए किए जाएंगे ।

(5) परिषद इस पैराग्राफ के तहत तैयार किए गए दिशा-निर्देशों के जरिए-

(क) उस तरीके का उल्लेख करेगा जिस तरीके से वह मान्यता प्राप्त निकायों का निरीक्षण या लेखा परीक्षा करने के लिए किसी स्वतंत्र फर्म को नियुक्त करे

(ख) उस तरीके का उल्लेख करेगा जो स्वतंत्र फर्म द्वारा अपने कार्यों का निरीक्षण या लेखा परीक्षा करने के लिए मान्यता प्राप्त निकाय के लिए अपेक्षित है

(ग) उन परिस्थितियों का उल्लेख करेगा जिनमें मान्यता प्राप्त अवार्डिंग निकाय की प्रत्यायित प्रशिक्षण निकायों का निरीक्षण करना अपेक्षित है।

30. सूचना के प्रसार की प्रक्रिया - (1) परिषद उस सूचना के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करेगी, जो जनता को उपलब्ध कराई जानी है और जिस तरीके से इसे उपलब्ध कराया जाना है।

(2) परिषद व्यावसायिक शिक्षा क्षेत्र के कार्यकरण के विभिन्न पहलुओं के विश्लेषण को समय-समय पर प्रकाशित कर सकती है और इसके संबंध में अनुसंधान करवा सकती है।

(3) इस पैराग्राफ के तहत प्रारंभ किए गए सभी अनुसंधान परिषद द्वारा प्रकाशित किए जाएंगे।

(4) परिषद प्रकाशित की गई सूचना को विभिन्न प्लेटफार्म और भाषाओं में प्रकाशित करने सहित उसे सुगम्य बनाने के लिए अथक प्रयास करेगी।

(5) इस पैराग्राफ के तहत तैयार किए गए दिशा-निर्देशों के लिए मान्यता प्राप्त निकायों हेतु इस कार्य को संपन्न करने के लिए परिषद को आवश्यक सूचना उपलब्ध कराना अपेक्षित होगा।

अध्याय IV

सामान्य निकाय और सलाहकार समिति

31. सामान्य निकाय का गठन और भूमिका – (1) परिषद को उसके कार्यों के निर्वाहन में सलाह देने के लिए एक सामान्य निकाय का गठन किया जाएगा।

(2) सामान्य निकाय में निम्नलिखित सदस्य होंगे, नामत:-

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री पदेन अध्यक्ष के रूप में;

(ख) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रतिनिधि;

(ग) पांच राज्य सरकारों के प्रतिनिधि जो क्रमवार आधार पर होंगे और प्रत्येक 3 वर्ष बाद नए राज्यों के प्रतिनिधि शामिल किए जाऐंगे; और

(घ) केंद्र सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के दो प्रतिनिधियों का नामांकन रोटेशन आधार पर किया जाएगा, जो तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

